RNI NO. DELHIN/2013/50275

मैथिली प्रसंग
नई दृष्टिकोण नई सोच

MAITHILI PRASANG

शनिवार, 20 अप्रैल, 2024, वर्ष : 10, अंक : 04, पृष्ठ : 06, मूल्य :1.00 रुपये नई दिल्ली दिल्ली | मुम्बई | पटना | चंडीगढ़ | जयपुर | लखनऊ | भोपाल | रांची | देहरादून



लोकतंत्र का महापर्व शुरू, पहले चरण में 62% से ज्यादा वोटिंग, त्रिपुरा में सबसे अधिक

निर्वाचन आयोग के अनुसार, त्रिपुरा में सर्वाधिक 80 .17 प्रतिशत और बिहार में सबसे कम 48 .50 वोट डाले गए। पहले चरण में सबसे ज्यादा 102 सीटों पर मतदान कराया जा रहा है। पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मणिपुर सहित कुछ राज्यों में छिटपुट हिंसा के बीच आमतौर पर मतदान शांतिपूर्ण रहा।

विनय कुमार

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा आम चुनाव शुक्रवार को शुरू हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की कतारें दिखने लगी। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम छह बजे तक 62 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। मतदान के अंतिम आंकड़े आने तक इसमें बदलाव हो सकता है। कई स्थानों पर मतदान का निर्धारित समय (शाम 6 बजे) समाप्त होने के बाद भी लोग लाइनों में लगे रहे। इसी के साथ चुनाव मैदान में उतरे कुल 1625 उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों के मेमोरी कार्ड में लॉक हो गया है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, त्रिपुरा में सर्वाधिक 80.17 प्रतिशत और बिहार में सबसे कम 48.50 वोट डाले गए। पहले चरण में सबसे ज्यादा 102 सीटों पर मतदान कराया जा रहा है। पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मणिपुर सहित कुछ राज्यों में छिटपुट हिंसा के बीच आमतौर पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। अरुणाचल प्रदेश की 60 और सिक्किम की सभी 32 विधान सभा सीटों पर भी आज मतदान कराया गया।

पहली बार मताधिकार पाने वाले युवा मतदाताओं में वोट डालने का खासा उत्साह नजर आया। आयोग के अ?ुसार, सभी 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पहले चरण की मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से और शांतिपूर्वक रही है। 18वीं लोकसभा के 543 सदस्यों को चुनने के लिए आम चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में होंगे। नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

चुनाव आयोग ने मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरह से संपन्न कराने के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती के अलावा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपने दो सहयोगी चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधू के साथ आयोग के मुख्यालय से पूरी प्रक्रिया पर निगाह रखी।

सीमा बाड़बंदी पार कर डाले वोट

भारत-बांग्लादेश सीमा पर तकनीकी कारणों से बाड़बंदी के आगे रह रहे करीब 2500 मतदाताओं ने भी शुक्रवार को बाड़बंदी में आकर पश्चिमी त्रिपुरा सीट पर मतदान किया। कंटीले तारों वाली बाड़ के कारण उनके जीवन में कठिनाइयां हैं लेकिन उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का अवसर नहीं छोड़ा। मतदान की सुविधा के लिए सुबह से ही सीमा के द्वार खोल दिए गए थे। बाड़ के किनारे रहने वाले एक भारतीय नागरिक हफीजुर रहमानज ने कहा कि उनके गांव में रहने वाले सभी 50 मतदाता जुम्मा होने के बावजूद सुबह ही वोट डाल चुके थे।

गडकरी, भूपेंद्र व मेघवाल की किस्मत लॉक

पहले चरण के चुनाव में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भूपेन्द्र यादव, किरण रिजिजू, जितेंद्र सिंह, अर्जुन राम मेघवाल और सबानंद सोनोवाल मैदान में हैं। कांग्रेस के गौरव गोगोई, डीएमके की कनिमोझी और बीजेपी के तमिलनाडु प्रमुख के अन्नामलाई की किस्मत भी शुक्रवार को वोटिंग मशीन में बंद हो गई।

हम न कभी आरक्षण के साथ छेड़खानी करेंगे, न किसी को करने देंगे, नामांकन भरने के बाद बोले गृहमंत्री

मैथिली प्रसंग ब्यूरो/ हेमन्त कुमार

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए गुजरात की गांधीनगर सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने के बाद अमित शाह ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस के संविधान बदलने वाले आरोपों को निराधार भी बताया।

हम न कभी आरक्षण के साथ छेड़खानी करेंगे, न किसी को करने देंगे

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल संविधान बदलने के मुद्दे को आरक्षण से जोड़कर पेश कर रही है, मैं खुलकर साफ कहना चाहता हूं, हमारे पास 2014 और 2019 में स्वयं का पूर्ण बहुमत था। 10 साल से पीएम मोदी सरकार चला रहे हैं। हमने कभी आरक्षण को छेड़ा नहीं। लेकिन, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम ना कभी आरक्षण के साथ छेड़खानी करेंगे और ना किसी को करने देंगे। देश की जनता को हम आश्वासन देना चाहते हैं। पीएम मोदी ने पिछड़ा, दलित, आदिवासी समाज के कल?याण के लिए सबसे ज्यादा काम किए हैं।

हमने बहुमत का उपयोग देश के विकास के लिए किया

अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने अपने बहुमत का उपयोग जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने के लिए, तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए, सीएए लाकर विदेशों में प्रताड़ित हो रहे लोगों को न्याय दिलाने के लिए किया है। हमने बहुमत का उपयोग आरक्षण छीनने के लिए नहीं किया। बहुमत का दुरुपयोग करने की परंपरा सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी की रही। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने बहुमत का दुरुपयोग इमरजेंसी लगाने के लिए, लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए किया था। हमने पूरे लोकतांत्रिक माध्यम से देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने में अपने बहुमत का प्रयोग किया है।

सांसदों के अनुपात में कांग्रेस को हमसे ज्यादा डोनेशन मिला

इलेक्टोरल बॉन्ड के सवाल पर अमित शाह ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, उन्हें चंदे के जरिए बॉन्ड मिला। राहुल गांधी देश की जनता को बोलें कि हां, हम भी एक्सटॉर्शन करते हैं। सांसदों के अनुपात में उन्हें हम से ज्यादा डोनेशन मिला है। हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। 23 साल से नरेंद्र मोदी पर चवन्नी का भी करप्शन का आरोप नहीं लगा है, इसलिए यह लोग जनता के बीच भ्रांति फैलाना चाहते हैं। लेकिन, इसमें यह सफल नहीं होंगे।

मैं सारे देश में घूमकर आया हूं, हर जगह हर भाषा, हर जाति और हर आयु वर्ग (पुरुष, महिला) सभी पीएम मोदी को वोट देने की तैयारी करके बैठे हैं। सभी लोग मतदान की राह देख रहे हैं। आज मैंने भी गांधीनगर सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अमित शाह ने गांधीनगर और देश की जनता से अपील करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। पीएम मोदी इस देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं और यह होकर रहेगा।

भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं

छत्तीसगढ़ के कांकेर में हुए नक्सली एनकाउंटर के सवाल पर अमित शाह ने कहा कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं है, आतंकवाद और नक्सलवाद लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी अपील कर चुके हैं कि जो भी हथियार डालकर आता है, उनका स्वागत है। लेकिन, हथियार लेकर जाओगे, तो सुरक्षाबल इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। लेकिन, कांग्रेस पार्टी ने इस पर भी जो रिएक्शन दिया है। तुलसीदास के रामचरितमानस में भी एक उपदेश है, ईश्वर जिसका खराब समय शुरू करता है, सबसे पहले उसकी बुद्धि हर लेता है। कांग्रेस ने इस एनकाउंटर को फेक एनकाउंटर बताकर नक्सलियों को बचाने की बात कही है। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। छत्तीसगढ़ में जब तक कांग्रेस की सरकार थी, नक्सलियों पर ऑपरेशन नहीं होते थे। 90 दिन में हमारी सरकार ने ऑपरेशन किए हैं, जिसमें 87 नक्सली मारे गए और 123 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। इसके साथ 253 नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

कर्म का आश्रव निरंतर होता रहता है, आश्रव को रोकना आसान नहीं: आचार्य श्री समयसागर जी महाराज

के.डी जैन



मैथिली प्रसंग ब्यूरो, कुंडलपुर दमोह। स्सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युगश्रेष्ठ आचार्य भगवन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा प्रति समय परिणाम बंध होते हैं आत्मा में जीव के परिणाम निश्चित रूप से पूर्ववत कर्म के उदय को लेकर के और कर्मफल के कारण जो सामग्री है विशेष सामग्री उनके निमित्त को लेकर नए सिरे से परिणाम उत्पन्न होते हैं और कर्म का आश्रव निरंतर होता रहता है। उस आश्रव को रोकना आसान नहीं है ।एक बात यह है आगम के अनुरूप हम सोचते हैं ऐसे संसार में अनंतानंत जीव है बिना पुरुषार्थ के उत्पन्न होते रहते है इसलिए गुरुदेव ने स्वाध्याय के दौरान तत्व चर्चा के दौरान बात रखी है और बहुत यह निरंतर इस विषय को ध्यान में रखते हुए हमें चलना चाहिए जीव का जो विकास होता है वह बुद्धि पूर्वक ही होता है और अबुद्धिपूर्वक भी जीव का विकास होता है और अंतर मुहूर्त में ऑटोमेटिक परिणाम में परिवर्तन होता रहता है । जिसको लेश्या भी कहते हैं और अंतर मुहूर्त परिवर्तनीय वह लेश्या होती है जिसके साथ संबंध रखने वाली योग की जो प्रवर्तनीय हैउसका नाम लेश्या ऐसा आगम में उल्लेख मिलता ।इसलिए नहीं चाहते हुए भी यह परिणाम होंगे और निगोद पर्याय में जिस जीव का वास है जहां पर एक श्वास में 18 बार जन्म और मरण हो रहा है और निरंतर अनंत का संवेदन कर रहा है और यह कर्म फल चेतना की बात आती है ।वह कर्म नहीं कर सकता अर्थात बुद्धि पूर्वक उसकी कोई चेष्टा नहीं होती किंतु पूर्व में बंधा हुआ कर्म है वह उदय में आता तो उसका फल भोगना अनिवार्य सिद्ध होता है ।वह फल निश्चित रूप से भोगेगा और प्रतिकार के भाव हो सकते हैं किंतु प्रतिकार वह चेष्टा के माध्यम से नहीं करता जैसा समझने के लिए एक वृक्ष खड़ा है भिन्न-भिन्न ऋतुओं में जो भी वातावरण निर्मित होता है उस बीच में वह खड़ा है वह दौड़ नहीं सकता ।देखा आपने वृक्ष दौड़ रहा हो यह बात अलग है रेल में बैठे तो लगता वृक्ष भाग रहे हैं किंतु वह अलग परिणति है वह वृक्ष भाग नहीं रहा दौड़ नहीं रहा एक कृषक है उसके हाथ में कुल्हाड़ी है वृक्ष काटने के उद्देश्य को लेकर उसके पास पहुंचा है कुल्हाड़ी का वह प्रहार कर रहा है और प्रत्येक प्रहार का उस वृक्ष को संवेदन हो रहा है। अनंत दुख का संवेदन वह कर रहा है आपको उसका कोई संवेदन दिखाई नहीं देता उसकी जो वेदना है आपकी दृष्टि में नहीं आ सकती समझने के लिए चींटी हैउस पर पैर पड़ जाता तो छटपटाहट होती। इसी प्रकार कोई भी एक्टिविटी उसे वृक्ष को देखने नहीं मिलती इसके उपरांत भी कर्म का फल वह भोग रहा है निरंतर भोगते हुए भी एक वस्तु का परिणमन है नहीं चाहते हुए भी परिणाम में अंतर आता है। कभी तीव्र कभी मंद इस प्रकार वह परिणाम की परिणति चलती रहती है । उसमें मान लो उसके परिणाम मंदता को लेकर हैं उसे समय ऐसे योग ऑटोमेटिक हो जाता है वहां से निकलकर मनुष्य पर्याय को प्राप्त हो जाता है। मनुष्य पर्याय को प्राप्त उसने कर लिया है इसलिए अतीत के कोई संस्कार होंगे इसलिए प्राप्त कर लिया ऐसा नहीं कहना चाहिए। जहां पर काम करते तो करते हैं सर्वत्र संभव नहीं है ।अनादि काल से उसने निगोद पर्याय में ही उसका परिणमन चल रहा है ऐसी स्थिति में उसके विकास के लिए कौन सा प्रसंग बना जिसके माध्यम से वह ऊपर उठा है ।923 जीव ऐसा है आगम में आया पढ़ने जिसका जन्म कहां पर हुआ है निगोद से निकली है अभी तक अतीत काल में त्रस पर्याय को प्राप्त नहीं किया है बाहर वह पर्याय को प्राप्त कर रहा है उसमें भी चक्रवर्ती के पुत्र बन रहे हैं इसमें भी दो मत मिलते हैं हमने भी सुना है गुरु मुख से एक मत वह है कि वह सिर्फ चक्रवर्ती के पुत्र न बनके पहले गिजाय बोलते उस पर्याय को धारण कर लेते। 923उत्पन्न होकर चक्रवर्ती के पुत्र बन रहे हैं दूसरा मत यह है चक्रवर्ती के वह पुत्र बन रहे हैं हम और आप पुरुषार्थ कर रहे हैं नाक रगड़ रहे इसके उपरांत भी हमारा विकास नहीं हो पा रहा ।पुरुषार्थ निरंतर करते हुए भी विकास नहीं हो रहा तो उसमें अपना उपादान ही मानना पड़ता है ।

विभिन्न आपराधिक मामलों में मा0 न्यायालय द्वारा दी गई सजा का विवरण

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। 1-थाना लोनीकटरा पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के आदेशों का उल्लंघन करने (चुनाव सम्बन्धित सामग्री बरामद होने) के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 61/2022 धारा 188/171एच भादवि व 127ए लोक प्रति0 अधिनियम के अभियुक्तगण 1. विकास पुत्र मूलचन्द्र 2. सचिन पुत्र बलराम 3. राजकुमार पुत्र हौसिला प्रसाद निवासीगण उतलवा थाना कमरौली जनपद अमेठी 4. विशाल पुत्र मोहनलाल निवासी पश्चिम तिलोई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी 5. सोनम कुमार उर्फ सोनू पुत्र जगजीवन निवासी पूरे गौतम मजरे गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी 6. देशराज पुत्र अवशान निवासी ठाकुरसिंह पुरवा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को माननीय न्यायालय कोर्ट सं0-17 जनपद बाराबंकी द्वारा आज दिनांक 19.04.2024 को 1700-1700/- रु0 जुमार्ना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया ।

निरीक्षण के दौरान गणित के शिक्षक बन गए खण्ड विकास अधिकारी

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय गोतौना का निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे सबसे पहले कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के तहत छात्राओं की सुविधा के लिए खरीदे गए रजाई गद्दों एवं चद्दरो का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए श्री गुप्ता ने सचिव पवन कुमार एवं प्रधान निलेश पाल को चहरदिवारी के ऊपर बाढ़ फेंसिंग लगवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका कंचन सिंह द्वारा बताया गया कि कक्षा 6 में 28 छात्राओं के सापेक्ष अब तक 21 छात्राओं का नामांकन हो चुका है और नामांकन कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान छात्राओं को गर्मी से बेहाल देख खंड विकास अधिकारी ने जहाँ स्वयं एक कूलर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया वही मौजूद सचिव को भी दो कूलरों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। श्री गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं के संचालन के लिए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है परंतु अभी तक भवन शिक्षा विभाग को हैंडोवर नहीं हो सका है। जिसके कारण इन कक्षाओं में अभी नामांकन प्रक्रिया चालू नहीं हो सकी है। इसके उपरांत श्री गुप्ता प्राथमिक विद्यालय गोतौना के निरीक्षण पर पहुंचे जहां पर कायाकल्प योजना के तहत किए गए कार्यों के लिए सचिव एवं प्रधान की तारीफ की। इस अवसर पर उन्होंने मतदान के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए वहां खराब पड़े इंडिया मार्का हैंड पंप की री बोरिंग के निर्देश दिए।

शिक्षक की भूमिका में नजर आए खंड विकास अधिकारी

निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में श्री गुप्ता एक शिक्षक की भूमिका में भी नजर आए। इस दौरान उन्होंने लगभग आधा घंटा तक कक्षा 8 की छात्राओं को गणित विषय पढ़ाया। उन्होंने शिक्षिकाओ का आह्वान किया कि वह छात्राओं को इतना बेहतर ज्ञान दे कि वह विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

संदिग्ध हालत में युवक लापता, प्रेमिका के पिता व भाइयों पर लगाया गायब करने का आरोप

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। 16 अप्रैल की सुबह घर से निकला 28 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो गांव के बाहर खेत मे युवक की बाइक तो खड़ी मिली लेकिन युवक का कोई सुराग नही मिला। परिजनों ने गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग की बात कहते हुए युवती के पिता और भाइयों समेत चार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के कमरखा गांव निवासी फूलचंद्र यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र मंजीत (28) बीते 16 अप्रैल की सुबह आठ बजे से लापता है। उसका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ बता रहा है। काफी खोजने पर गांव के पास खेत में ही उसकी बाइक खड़ी मिली लेकिन मंजीत का कोई सुराग नहीं लगा। पिता के अनुसार मंजीत का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। फूलचंद यादव ने मंजीत के साथ अनहोनी की आंशका जताते हुए युवती के पिता व भाइयों पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए जहांगीराबाद थाने में चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपी है। जहांगीराबाद थाना प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जहांगीराबाद थाने में युवती के पिता व भाईयों समेत चार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

गेंहू के खेतों में अज्ञात कारणों लगी आग

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (दीपक कुमार मिश्रा)। थाना टिकैतनगर के ग्राम बेलखरा में दोपहर को सरयू नदी के किनारे स्थित गेंहू के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। खेतों में आग लगने की सूचना से पूरे गांव में हाहाकार मच गया। आग की तेज लपटों के सामने किसी की एक न चली सकी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने झाड़ियों से पीटने से किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन उसके बाद भी आग शांत नहीं हुई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की कड़ी के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। जब तक आग पर काबू पाया जा सका तब तक लगभग करीब पैतालिस से अधिक किसानों की लगभग पांच सौ बीघा से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग पर काबू पाए जाने तक निजामुद्दीन, अब्दुल वाहिद, फुरकान , मोहिउद्दीन, अवतार, अब्दुल नासिर, कलीम, वसीम,हरि बक्स, सागर, बिन्नू,सुखीराम,मैनुद्दीन,मुनीर, रामखेलावन श्री राम सहित अन्य किसानों के खेतों में लगी गेहूं की फसल जल चुकी थी। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौंपने की बात कहीं है।

बेला दास बाबा की कुटी पर हुआ भंडारे का आयोजन

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (दीपक कुमार मिश्रा)। सैदनपुर बाराबंकी श्री राम जन्मोत्सव के तत्वाधान में औलिया लालपुर स्थित बेला दास बाबा के आश्रम पर विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया तहसील सिरौली गौसपुर अंतर्गत औलिया लालपुर स्थित बेला दास बाबा के आश्रम पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष आयोजित भंडारे में पास पड़ोस के व दूरदाज से आए हजारों की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद खाकर संत महात्माओं के अमृत मय उपदेशों को सुनकर अपने जीवन को सार्थक बनाया । वही यहां के महंत ओम प्रकाश दास विश्वकर्मा आने वाले श्रद्धालुओं को आशीष वह प्रसाद वितरण करते दिखे ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस भंडारे में मनकामेश्वर मंदिर डालीगंज के महंत सचिन दास ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार पुरुषोत्तम कुमार मनोज कुमार कृष्ण कुमार यादव आदि का विशेष योगदान रहा ।

आबकारी विभाग की टीम ने किया शराब की दुकानों का निरीक्षण

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (निशेष कुमार)। आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान आबकारी विभाग की टीम के साथ थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम मोहम्दाबाद में दबिश के दौरान ग्राम वासियों को शराब के बारे में जागरूक किया एंव आसपास शराब के निर्माण एंव विक्री परिवहन की गतिविधियों के संचालन होने के बारे में सूचना देने की अपील किया। शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान आबकारी विभाग की टीम के साथ क्षेत्र को मोहम्दाबाद में दविस देकर अवैध शराब के बाबत ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उपस्थित लोगों से अपील किया है कि यदि अवैध शराब का निर्माण विक्री हो तो सूचित करने की अपील किया।इस मौके पर आबकारी विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे। तत्पश्चात आबकारी निरीक्षक ने मोहम्दाबाद की शराब व वियर की दुकानों का निरीक्षण कर आवाश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

घर पर खिड़की विंडो बना रहे कारीगर ने 2 लख रुपए नगद व सामान उठाकर हुए फरार

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (निशेष कुमार)। थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम चैला निवासी अनुज कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर घर पर खिडकी विन्डो बना रहे मजदूरों पर आरोप लगाया है कि उसके दो लाख नकद व सामान उठा ले गए हैं। मामला थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम चैला का है जंहा के रहने वाले अनुज कुमार सिंह पुत्र शिवदर्शन सिंह ने एस पी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी 26 अप्रैल को है शादी में सामान खरीददारी हेतु 2 लाख रुपए भारतीय स्टेट बैंक बाराबंकी से निकाल कर रखे थे। घर पर खिडकी विन्डो बनाने का काम कर रहे थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम बढाईन पुरवा के सूरज विश्वकर्मा व बचान व चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ काम कर रहे थे। उपरोक्त लोगों को आनलाइन 15 हजार रूपए पेमेंट दिया।घर की महिलायें घर के सहन में चावल बीन रहीं थी तभी उपरोक्त लोगों ने घर के कमरे में सन्नाटा देख प्रार्थी के झोले में रखे 2 लाख रुपए 4एम एम का तार सिटकिनी टोंटी आदि चोरी कर ले गये हैं। थाना सफदरगंज पुलिस से भी पीड़ित ने शिकायत की थी। कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।



पुर्नगणना परीक्षा परिणाम को लेकर प्रामार्यो की बैठक

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। शुक्रवार को पुर्नगणना परीक्षा परिणाम को लेकर विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें मूल्यांकन केंद्राधिकारी प्राचार्य रविकांत असाटी,अशोक पाराशर परीक्षा प्रभारी की अध्यक्षता में उत्कृष्ट विद्यालय संकुल केन्द्र में विकास खंड स्तरीय पुर्नगणना समिति के निर्णय अनुसार संबंधित विद्यालयों को उनके कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम से अवगत कराया गया। सभी संस्थाओं के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया की 20 अप्रैल को पुर्नगणना परिणाम घोषित करें। उक्त जानकारी संबंधित छात्र/छात्राओं/पालकों को भी दी जाये। ललिता शास्त्री, खिमलासा,बसाहरी,सी.एम.राईज गढौला जागीर, धनौरा एवं माड्ल स्कूल के प्राचार्य बैठक में उपस्थित रहे।

भीषण सड़क दुर्घटना : अज्ञात वाहन की टक्कर से 3 युवकों सहित एक बुजुर्ग की मौत

शादी समारोह के बाद गांव जा रहे थे मृतक, पुलिस ने जांच में जुटी

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। शहर से कुछ ही दूरी स्थित नरेन नदी और सिलोधा गांव के बीच नेशनल हाईवे पर शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी

अनुसार जानकारी के अनुसार बाइक सवार हरिओम पिता सुरेंद्र तोमर उम्र 22 निवासी गढ़ौला जागीर , चंद्रकुमार पिता सुरेश कुमार जैन उम्र 21 साल निवासी गढ़ौला जागीर तीसरा पवन पिता चेनसिंह घोषी निवासी पाली जो अपनी बाइक क्रमांक एमपी 15 एनएफ 6021 से शादी समारोह में शामिल होने के बाद खुरई से अपने गांव गढ़ौला जागीर लौट रहे थे। रात करीब 3 बजे सिलोधा और नदी के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें चंद्रकुमार जैन और पवन घोषी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। और हरिओम तोमर की सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद खुरई देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आज शुक्रवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। खुरई ग्रामीण थाना प्रभारी धनेंद्र यादव ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई थी जबकि एक युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सोपा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की जाएगी।

सिलोधा के पास सड़क हादसे में 60 वर्षीय व्यक्ती की मौत

सागर रोड नेशनल हाईवे पर सिलोधा के पास एक और सड़क हादसा हो गया। किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार दी जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी अनुसार रामसिंह पिता भैयालाल सिंह घोसी उम्र 60 साल और सुरेंद्र पिता रामसिंह घोसी खुरई से अपने गांव बलोप जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। सिविल अस्पताल इलाज के बाद सागर रैफर किया गया, जहा रास्ते में रामसिंह की मौत हो गई।

जल संकट ग्रामीण लोग बूंद बूंद के लिए तरसे,मखिया पर आरोप

मैथिली प्रसंग संवाददाता, नालंदा (राकेश कुमार)। नालंदा जिला अंतर्गत रहुई प्रखंड के सोनसा पंचायत के रामपुर गांव के वार्ड नंबर 11 में पिछले 3 सालों से ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। अशोक मुखिया के वादों के बावजूद, वार्ड नंबर 11 में कई घरों में आज भी नल जल कनेक्शन नहीं मिल पाया है। इस भीषण गर्मी में, पानी की कमी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

उमेश यादव, रामप्रवेश यादव, रामबालक यादव एवं ललिता देवी जैसे पीड़ितों का कहना है कि उन्हें बार-बार मुखिया से गुहार लगाने के बावजूद कोई राहत नहीं मिली है। पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर ग्रामीण 5-7 दिन में भी एक बार स्नान कर पाते हैं। पीने के पानी के लिए भी लोग तरस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने मुखिया को आधार कार्ड दे दिया था, लेकिन फिर भी उन्हें कनेक्शन नहीं दिया गया। बार-बार आश्वासन के बाद भी, समस्या जस की तस बनी हुई है। हताश ग्रामीणों का कहना है कि अब उनका धैर्य जवाब दे रहा है। इस मुद्दे पर मीडिया कवरेज के लिए जब टीम रामपुर गांव पहुंची, तो स्थानीय मोटर ऑपरेटर ने पीड़ित ग्रामीणों को धमकाने की कोशिश की। अब देखना यह है कि अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करते हैं।

सहार प्रखंड मुख्यालय में एक मौथाई ऑफिस रह रही है बंद

मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजुपर (दिलीप कुमार)। स्थानीय सहार प्रखंड मुख्यालय के लगभग एक चौथाई कार्यालय बंद रहती है। पदाधिकारी से बात करने पर चुनाव का हवाला या दो-तीन प्रभार होने के दावा किया जाता है। जैसा कि शुक्रवार को शहर प्रखंड मुख्यालय में स्थित पशुपालन विभाग, प्रखंड आपूर्ति विभाग एवं ई किसान भवन सहित अन्य विभागे बंद रही । लापरवाही का शिकार होता दिखा रहा है जिस से कई आमलोगों को परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड परिसर खाद आपूर्ति विभाग एवम् पशुपालन विभाग तथा ई किसान भवन मुख्य गेट का ताला बंद पाया गया। ई किसान भवन का ताला पहले भी बंद पाया गया था,जबकि ई किसान भवन में लगभग दर्जनों कर्मी कार्यरत है इसके बावजूद भी प्रखंड ई किसान भवन के गेट पर ताला बंद मिला ऐसा बार बार देखने को मिलता है जो पाधाधिकारियों की लापरवाही को दशार्ता है।प्रखंड के कई किसान ब्लॉक में अपने अपने काम से प्रतिदिन आते रहते है और ऑफिस बंद होने के कारण निराश होकर लौटना पड़ता है जो मनमानी को दशार्ता है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि मुझे तीन जगह ड्यूटी है बुधवार और शनिवार को सहार में है लेकिन चुनाव को लेकर समय पर नहीं पहुंचने का हवाला दिया गया। वही कार्यपालक सहायक सुनील कुमार ने बताया कि मेरी ड्यूटी सहार अगिआंव है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी मोहम्मद मुस्तफा का फोन लगाने पर फोन नहीं रिसीव नहीं किया गया। लोकसभा चुनाव आते हैं एवं आचार संहिता लगते ही सभी विभाग का हाल बेहाल हो गया है।

गुलाब विगहा बूथ संख्या 117 पर पर वोकस वोट प्रयास हुआ विफल

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)। जिले के रफीगंज प्रखंड के गुलाब विगहा बूथ संख्या117 पर वोकस वोट डालने के प्रयास कर को पुलिस ने विफल कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही एसडीपीओ 2अमित कुमार, सीओ भारतेंदु सिंह, इंस्पेक्टर मधु कुमारी, थानाध्यक्ष गुफरान अली दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस प्रशाशन को जुटता देख लोग भाग खड़े हुये।जब तक वोट डालने का समय समाप्त हो चुका था।जिससे थानाध्यक्ष के उपस्थिति में ही एवीएम उठाया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि ईंट भट्ठे में काम कर रहे मजदूरों को वोट दिलाने का प्रयास किया जा रहा था। इसकी सूचना कर्मियों ने दी। पुलिस बल के पहुंचते ही सभी भाग खड़े हुए। समय रहते ही उनके मनसूबे पर पानी फेर दिया गया।

प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान हुआ सम्पन्न

चुनावी तापमान पर हावी रहा मौसम का तापमान

दोपहर में सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)। जिले के

रफीगंज प्रखंड में शासकीय अव्यवस्था के बीच लोकसभा को ले शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।प्रखंड अंतर्गत रफीगंज थानां क्षेत्र के 133 ,कासमा थानां क्षेत्र के 62 एवं पौथु थानां क्षेत्र के 09 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।प्रखंड कार्यालय में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी एवं जिला से आए पदाधिकारी पानी को भी तरसते रहे।किसी भी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी कतार नही देखी गयी।भीषण गर्मी के कारण लोकतंत्र का पर्व फीका देखा गया।सड़कों पर सन्नाटा दिखा।मानो चुनावी तापमान पर मौसम का तापमान भारी पड़ा या मतदाताओं में उत्साह कम दिखा।मतदान केंद्र संख्या 87 मध्य विद्यालय हाजीपुर में ईवीएम खराबी होने के कारण करीब 40 मिनट मतदान देर से शुरू हुआ।चुनाव को ले एडीएम ,डीडीसी अभ्यन्द्र मोहन सिंह,लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार,एसडीपीओ सदर 02 अमित कुमार,सीओ भारतेंदु सिंह,बीडियो उपेन्द्र कुमार दास,इंस्पेक्टर मधु कुमारी,थानाध्यक्ष रफीगंज गुफरान अली,थानाध्यक्ष कासमा इमरान आलम,पौथु थानाध्यक्ष आकाश राज विधि व्यवस्था में मुस्तैद दिखे।

मतदाता परिमय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुधीर कुमार कोचर ने बताया भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल तक तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र किया गया घोषित

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)। भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियम जैव विविधता संरक्षण एवं पोषणीय कटाई नियम 2025 के नियम 4 के प्रावधानों के अंतर्गत वन मंडलाधिकारी महेन्द्र सिंह उइके ने दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है।

डॉक मतपत्र दल का भ्रमण आज

मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में 18 अप्रैल को 85+आयु के मतदाताओं का मतदान घर-घर जाकर कराया गया । नोडल अधिकारी डॉकमत पत्र निकेत चौरसिया ने बताया 20 दलों के द्वारा भ्रमण 20अप्रैल 2024 को किया जायेगा।

आमार्य पदारोहण महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष ने आभार प्रकट किया

चंद्रकुमार सराफ अध्यक्ष दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुंडलगिरी कुंडलपुर दमोह की ओर से इस पावन पुनीत ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र ,जैनतीर्थ कुंडलपुर में आचार्य पदारोहण महोत्सव में उपस्थित अपार जनसमूह , कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य गण एवं समस्त समिति प्रभारी व सदस्यों, मीडिया के सभी साथी, जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन के पुरुषार्थ को कोटि-कोटि नमन जिन्होंने आयोजन को सफल ही नहीं बनाया अपितु ऐतिहासिक, अविस्मरणीय, अवर्णनीय बना दिया। सभी के पुण्य की खूब-खूब अनुमोदना ,अभिनंदन ,साधुवाद ज्ञापित करते हैं, एक बार फिर चंद्रकुमार सराफ अध्यक्ष दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुंडलगिरी कुंडलपुर दमोह की ओर से इस पावन पुनीत ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद !

कुंडलपुर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा

मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चर्तुविध संघ के सानिध्य में प्रातः प्रभात फेरी निकाली जाएगी, भक्तांमर महामंडल विधान , पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान, भगवान महावीर पूजन होगी। आचार्य श्री की पूजन एवं आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होंगे। सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी।

डॉक मतपत्र संबंधी सामग्री 19 से 21 अप्रैल तक अधिकारी-कर्ममारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन ध्यानपूर्वक करें

मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है अधिकारी-कर्मचारियों का 19 अप्रैल से 21 अप्रैल 2024 तक कलेक्ट्रेट दमोह के कक्ष क्रमांक 06 कलेक्ट्रेट के प्रथम तल के मुख्य द्वार पर प्रातः 8.30 बजे डॉक मतपत्र संबंधी सामग्री प्राप्त कर निर्धारित पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीव्हीसी) पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाये। ग्राम रोजगार सहायक अपने लेपटॉप एवं चार्जर सहित निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा है समस्त अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन ध्यानपूर्वक करेंगे।

मैथिली प्रसंग

मैथिली प्रसंग ट्रस्ट संस्कार, संस्कृति, गीता को आदर्श मानकर चरित्र निर्माण, समाज निर्माण एवं देश के विकास हेतु प्रतिबद्ध संस्था है। इसके माध्यम से दुश्कृत्यों के उन्मूलन हेतु संघर्ष करेंगे। किसी सम्प्रदाय या पार्टी विशेष की महत्वकांक्षाओं से नही जुड़ा है। आप को किसी भी तरह की समस्या (जैसे निर्धन की बेटी की शादी, बच्चों की पढ़ाई, बेसहारा को मदद, बुजुर्गो को उनका सम्मान, ईलाज के लिए मदद, कानूनी सहायता, सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना, आर्थिक सहायता (जैसे 10000 से 50000 तक का मदद) का समाधान चाहिए तो हमें बताएं हम आपकी समस्या का समाधान निकालने की पूरी कोशिश करेंगे।

मैथिली प्रसंग आप से इस लड़ाई में जुड़ने की अपील करता है। इस मुहिम में आप हमारे साथ सलाहकार या संरक्षक के रूप मे जुड़ सकते है। हमारे संस्था का सदस्य बनने के लिए संपर्क करें.

Maithili Prasang Trust

CONTACT & WHATSAPP NUMBER.

8505971505, 8586951951, 8929810234

EMAIL: mprasang@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक विनय कुमार ने दिव्या ऑफसेट बी-1422, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096, से मुद्रित कराकर कार्यालय ई-657, गली नं0-9, वेस्ट विनोद नगर, दिल्ली-110092, से प्रकाशित किया। इस समाचार पत्र में छपे समाचारों व विज्ञापनों के लिए पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा। सह-संपादकः शिवशंकर., मोबाईल नम्बर-8505971505, ईमेल-mprasang@gmail.com, RNI no.- DELHIN/2013/50275, Website: www.maithiliprasang.com.